an>

Title: Need to start additional railway service between Jammu and Chandigarh -laid.

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): मैं अपने संसदीय क्षेत्र का रेल से संबंधित मुद्दा सभा पटल पर रखना चाहता हूँ ।

मैं जम्मू से चंडीगढ़ रेल सेवा की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूँ । जम्मू देश के सबसे विकसित शहरों में से एक है पर जम्मू से चण्डीगढ़ के लिए एकमात्र साप्ताहिक रेल सेवा है । जम्मू में बहुत से बच्चे चंडीगढ़ पढ़ाई के लिए जाते हैं और लाखों लोग चंडीगढ़ से माता वैष्णों देवी और जम्मू घूमने आते हैं तथा कारोबार के सिलसिले में जम्मू से चंडीगढ़ लोगों का आना-जाना लगा रहता है जिससे लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ।

मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि जम्मू से चंडीगढ़ के लिए अतिरिक्त रेल सेवा चालू करने की कृपा करें जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े ।